Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT
& ENTREPRENEURSHIP

N·S·D·C
National
Skill Development
Corporation
Transforming the skill landscape

ASCI
Agriculture Skill Council of India

प्रतिभागी पुस्तिका

क्षेत्र
कृषि एवं संबंधित

उप - क्षेत्र
पोल्ट्री

व्यवसाय
पोल्ट्री फार्मिंग

संदर्भ संख्याः **AGR/Q4307, Version 1.0**
NSQF Level 3

लेयर फार्म वर्कर

प्रकाशक:

भारतीय कृषि कौशल परिषद

6वीं मंजिल, जीएनजी भवन, प्लॉट नं. 10

सेक्टर–44, गुरुग्राम –122004, हरियाणा, भारत

ईमेलः info@asci-india.com

वेबसाइटः www.asci-india.com

फोन नं. 0124-4670029, 4814673, 4814659

सर्वाधिकार सुरक्षित

प्रथम संस्करण, अप्रैल 2019

मुद्रक:

महेंद्रा पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड

प्लॉट नं. ई–42/43/44, सेक्टर–7,

नोएडा – 201301, उत्तर प्रदेश, भारत

ईमेलः mis.mahendrapublication@gmail.com

वेबसाइटः www.mahendrapublication.org

कॉपीराइट © 2019

भारतीय कृषि कौशल परिषद

6वीं मंजिल, जीएनजी भवन, प्लॉट नं. 10

सेक्टर–44, गुरुग्राम –122004, हरियाणा, भारत

ईमेलः info@asci-india.com

वेबसाइटः www.asci-india.com

फोन नं. 0124-4670029, 4814673, 4814659

अस्वीकरण

इस किताब में दी गई जानकारी को भारतीय कृषि कौशल परिषद् के विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त किया गया है। भारतीय कृषि कौशल परिषद् इन सभी जानकारी की सटीकता, पूर्णता एवं पर्याप्तता की वारंटी नहीं लेता। इसमें दी गई जानकारी के बारे में, उसकी व्याख्याओं के लिए या त्रुटियों, चूक, या अपर्याप्तता के लिए भारतीय कृषि कौशल परिषद् कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। किताब में मौजूद सभी कॉपीराइट सामग्रियों के मालिक को ढूंढ़ने के हर प्रयास किए गए हैं। किसी भी तरह की गलती एवं चूक की तरफ ध्यान लाने के लिए पुस्तक के भावी संस्करणों में प्रकाशक आपके आभारी होंगे। इस किताब में दी गई जानकारी पर निर्भर होने पर इससे होने वाले किसी भी नुक्सान के लिए भारतीय कृषि कौशल परिषद् से संबंधित कोई भी संस्था जिम्मेदार नहीं होगी। इस प्रकाशन में उपलब्ध सामग्री कॉपीराइट के अधिकार क्षेत्र में हैं। अतः इस पुस्तक के किसी भी हिस्से को भारतीय कृषि कौशल परिषद की स्वीकृति के बिना अखबार, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या अन्य किसी भी माध्यम से दोबारा प्रस्तुत या इसका वितरण एवं संग्रहित नहीं किया जा सकता।

"कौशल विकास से एक बेहतर भारत का निर्माण होगा। अगर हमें भारत को विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है तो कौशल विकास हमारा मिशन होना चाहिए।"

श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री भारत

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

ASCI
Agriculture Skill Council of India

N•S•D•C
National
Skill Development
Corporation
Transforming the skill landscape

Certificate

COMPLIANCE TO QUALIFICATION PACK- NATIONAL OCCUPATIONAL STANDARDS

is hereby issued by the

AGRICULTURE SKILL COUNCIL OF INDIA

for

SKILLING CONTENT: PARTICIPANT HANDBOOK

Complying to National Occupational Standards of
Job Role/ Qualification Pack: **'Layer Farm Worker'** QP No. **'AGR/Q4307 NSQF Level 3'**

Date of Issuance : November 25th, 2016
Valid Up to* : March 31st, 2020

*Valid up to the next review date of the Qualification Pack or the 'Valid up to' date mentioned above (whichever is earlier)

S.S. Ang

Authorised Signatory
(Agriculture Skill Council of India)

आभार

हम उन सभी संगठनों और व्यक्तियों के आभारी हैं, जिन्होंने इस प्रतिभागी पुस्तिका को तैयार करने में हमारी मदद की है। हम उन सभी का भी आभार व्यक्त करना चाहते हैं, जिन्होंने सामग्री की समीक्षा की और अध्यायों की गुणवत्ता, सुसंगतता और सामग्री प्रस्तुति में सुधार के लिए बहुमूल्य जानकारी प्रदान की है। यह प्रतिभागी पुस्तिका कौशल विकास की पहल को सफल बनाने में मदद करेगी, जिससे हमारे हितधारकों, विशेष रूप से प्रशिक्षुओं, प्रशिक्षकों और मूल्यांकनकर्ताओं आदि को बहुत मदद मिलेगी। हम अपने विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. देसिकन त्यागराजन के आभारी हैं, जिन्होंने प्रतिभागी पुस्तिका तैयार करने में हमारी मदद की है।

यह उम्मीद की जाती है कि यह प्रकाशन क्यूपी / एनओएस आधारित प्रशिक्षण वितरण की पूर्ण आवश्यकताओं को पूरा करेगा, हम भविष्य में किसी भी सुधार के लिए उपयोगकर्ताओं, उद्योग के विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों के सुझावों का स्वागत करते हैं।

इस पुस्तक के बारे में

अंडों के उत्पादन के लिए एक लेयर फार्म वर्कर, प्रतिदिन देखभाल और पक्षियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है। उसे यह सुनिश्चित करना होता है कि पक्षियों का शेड / आवास, स्वच्छ और सुरक्षित हो और फार्म एक उचित स्थिति में हो, ताकि लेयर फार्मिंग और अंडों का उत्पादन हो सके। एक लेयर फार्म वर्कर के पास योजना और संगठन करने की क्षमता होनी चाहिए।

प्रशिक्षु निम्नलिखित कौशल में, प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में अपने ज्ञान को बढाएगा:

- **ज्ञान और समझ:** आवश्यक कार्य करने के लिए परिचालन का ज्ञान और पर्याप्त समझ
- **प्रदर्शन का मानदंड:** प्रशिक्षण के माध्यम से आवश्यक कौशल प्राप्त करना और विशिष्ट मानकों के भीतर आवश्यक संचालन करना
- **व्यावसायिक कौशल:** कार्य क्षेत्र से संबंधित परिचालन के निर्णय लेने की क्षमता।

इस पुस्तिके में पक्षियों की नियमित देखभाल और खेत में पक्षियों की स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अच्छी तरह से परिभाषित भूमिकाएं शामिल हैं।

उपयोग किये गए प्रतीक

सीखने के प्रमुख परिणाम

चरण

समय

टिप्स

टिप्पणियाँ

यूनिट का उद्देश्य

अभ्यास

सारांश

गतिविधि

विषय – सूची

क्र.सं. मॉड्यूल और इकाइयां	पृष्ठ सं.
1. परिचय	1
इकाई 1.1 – भारत में लेयर फार्मिंग का परिचय	3
2. पोल्ट्री शेड का निर्माण और रखरखाव (AGR/N4335)	6
इकाई 2.1 – पोल्ट्री हाउस के लिए स्थान का चयन	8
इकाई 2.2 – लेयर हाउस के डिज़ाइन और निर्माण का सिद्धांत	10
इकाई 2.3 – ब्रूडर हाउस का डिज़ाइन	14
इकाई 2.4 – ग्रोअर हाउस का डिजाइन	17
इकाई 2.5 – लेयर हाउस का डिज़ाइन	19
3. फीडिंग, ब्रूडिंग और चूजों मैनेजमेंट (AGR/N4336)	24
इकाई 3.1 – पोल्ट्री शेड का निर्माण और उसका रखरखाव	26
इकाई 3.2 – चारे की सामग्री	30
इकाई 3.3 – ब्रूडर का प्रबंधन	34
इकाई 3.4 – ग्रोअर का प्रबंधन	37
इकाई 3.5 – लेयर का प्रबंधन	41
इकाई 3.6 – लेयर पक्षियों के लिए रोशनी का प्रबंधन	44
4. रोग की रोकथाम और पोल्ट्री की जैव सुरक्षा (AGR/N4337)	49
इकाई 4.1 – भूसे का प्रबंधन	51
इकाई 4.2 – गर्मी का प्रबंधन	54
इकाई 4.3 – सर्दी का प्रबंधन	57
इकाई 4.4 – लेयरों में आम रोग	59
इकाई 4.5 – लेयरों का टीकाकरण	63
इकाई 4.6 – जैव सुरक्षा	67
5. दस्तावेज और रिकॉर्ड रखना (AGR/N4338)	71
इकाई 5.1 – रिकॉर्ड रखना	73
इकाई 5.2 – बैंक से ऋण और बीमा	77
6. पोल्ट्री फार्म की सुरक्षा और स्वच्छता (AGR/N4316)	84
इकाई 6.1 – जल की स्वच्छता	86
इकाई 6.2 – पोल्ट्री हाउस का कीटाणुनाशक और कीटाणुशोधन	90
इकाई 6.3 – पोल्ट्री फार्म में अमोनिया का खतरा	93
इकाई 6.4 – अपशिष्ट (वेस्ट) का प्रबंधन	98
7. नियोजनीयता एवं उद्यमशीलता कौशल	102
इकाई 7.1 – व्यक्तिगत शक्तियां एवं मूल्य श्रंखला	107
इकाई 7.2 – डिजिटल साक्षरता : एक पुनरावर्ती	123
इकाई 7.3 – धन संबंधी मामले	127
इकाई 7.4 – रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए तैयार होना	136
इकाई 7.5 – उद्यमिता को समझना	146
इकाई 7.6 – एक उद्यमी बनने के लिए तैयारी	167

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT
& ENTREPRENEURSHIP

N·S·D·C
National
Skill Development
Corporation
Transforming the skill landscape

ASCI
Agriculture Skill Council of India

1. परिचय

इकाई 1.1 – भारत में लेयर फार्मिंग का परिचय

सीखने के प्रमुख परिणाम

इस मॉड्यूल के अंत में, आप निम्नलिखित में सक्षम होंगे:

1. भारत में लेयर फार्मिंग और इसके दायरे को समझाना।

इकाई 1.1: भारत में लेयर फार्मिंग का परिचय

इकाई के उद्देश्य

इस इकाई के अंत में, आप निम्नलिखित में सक्षम होंगे:

1. लेयर फार्मिंग की मूल अवधारणाओं के बारे में समझाना।

1.1.1 परिचय

भारत में पोल्ट्री उद्योग

पोल्ट्री, आज भारत में कृषि क्षेत्र के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है। जबकि कृषि फसलों का उत्पाद प्रति वर्ष 1.5 से 2 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, अंडे और ब्रॉयलर का उत्पाद प्रति वर्ष 8 से 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। नतीजतन, भारत अब दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा अंडा उत्पादक और लेयरों का अठारहवाँ सबसे बड़ा उत्पादक देश है। इस विस्तार के निर्माण के लिए कारकों का एक संयोजन जिम्मेदार है – प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, और बढ़ती शहरी आबादी और गिरती हुई मुर्गियों की कीमतें। भारत में पोल्ट्री के क्षेत्र की संरचना और संचालन में प्रतिमान (आदर्श) बदलाव आया है। भारत के पोल्ट्री उद्योग का एक महत्वपूर्ण वैशिष्ट्य, मात्र लगभग चार दशकों में बस केवल एक पिछवाड़े की गतिविधि से एक प्रमुख व्यावसायिक गतिविधि इसका परिवर्तन रहा है। इस परिवर्तन में ब्रीडिंग, हैचिंग, पालन और प्रसंस्करण में बड़ा निवेश शामिल है। भारत में किसानों ने गैर–वर्णनात्मक पक्षियों को पालने से ले कर आज, ह्यालाईन, शेवर II, और बॅबकॉक जैसे संकर पक्षियों का पालन करना शुरू किया है, जिससे पालने वाले व्यक्ति (रिअरों), पक्षियों का तेजी से विकास, उनके जीने की अच्छी क्षमता, उत्कृष्ट चारारूपांतरण और लाभ का उच्च दर सुनिश्चित करता है। निजी उद्यम, न्यूनतम सरकारी हस्तक्षेप, और स्वदेशी पोल्ट्री आनुवंशिकी क्षमताओं की पहल, और पूरक पशु चिकित्सा स्वास्थ्य, पोल्ट्री फीड, पोल्ट्री उपकरण और पोल्ट्री प्रसंस्करण क्षेत्रों से काफी समर्थन के कारण, यह उद्योग बड़े पैमाने पर विकसित हुआ है। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से एक है, जिसने एक निरंतर विशिष्ट रोगजनक मुक्त (SPF) अंडा उत्पाद की शुरुआत की है।

लेयर ब्रीड

अंडे की प्रकृति और रंग के अनुसार, लेयर मुर्गियां दो प्रकार की होती हैं। इन दो प्रकारों का संक्षिप्त विवरण नीचे सूचीबद्ध है:

सफ़ेद अंडा देने वाली मुर्गियां: इस प्रकार की मुर्गियां तुलनात्मक रूप से छोटे आकार की होती हैं। वे अपेक्षाकृत कम खाना खाती हैं, और अंडे के खोल का रंग सफेद होता है। ईसा व्हाइट, लेहमैन व्हाइट, निकचिक, बाब कॉक बी वी –300, हावर्ड व्हाइट, हाय सेक्स व्हाइट, सीवियर व्हाइट, हाई लाइन व्हाइट, बोवंच व्हाइट आदि कुछ लोकप्रिय सफेद अंडे देने वाली मुर्गियां हैं।

भूरा अंडा देने वाली मुर्गियां: भूरा अंडा देने वाली मुर्गियाँ आकार में अपेक्षाकृत बड़ी होती हैं। सफेद अंडा देने वाली मुर्गियों की तुलना में वे अधिक खाना खाती हैं। अन्य लेयिंग ब्रीड की तुलना में बड़े अंडे देती हैं। अंडे का खोल भूरे रंग का होता है। भूरे रंग का अंडा देने वाली कई लेयर उपलब्ध हैं। उनमें से ईसा ब्राउन, हाय सेक्स ब्राउन, सीवियर 579, लेहमैन ब्राउन, हाई लाईन ब्राउन, बाब कॉक बीवी –380, गोल्ड लाइन, बॅबलोना टेट्रो, बॅबलोना हरको, हावर्ड ब्राउन आदि व्यावसायिक लेयर पोल्ट्री फार्मिंग के लिए बहुत उपयुक्त हैं।

लेयर फार्म वर्कर: यह पोल्ट्री फार्म पर विशेष गतिविधियों में नियमित रूप से मैनुअल काम है। इस काम में पोल्ट्री से संबंधित विभिन्न प्रकार के अकुशल और अर्ध–कुशल काम शामिल हैं, जो विशिष्ट निर्देशों या एक अच्छी तरह से स्थापित दिनचर्या के अनुसार होते हैं। पोल्ट्री के संबंध में विशेष काम भी किए जाते हैं। निरीक्षण और कार्य के परिणामों की समीक्षा के माध्यम से, काम सामान्य पर्यवेक्षण के अधीन होता है।

काम:

- चारा देना, पानी देना और अन्य प्रकार की देखभाल करना; पोल्ट्री हाउस, पेन, फीडर, वाटर रिसेप्टल्स, बॉयलर रूम और शेड को साफ करना।
- मृत्यु और पोल्ट्री की अन्य जानकारी का रिकॉर्ड रखना और उसकी जांच करना; संचालन या टीकाकरण के लिए पोल्ट्री को तैयार करना; हैचरी के उपकरण स्टेरिलाईज करना।
- शेड, खलिहान और बाड़ की मरम्मत करना और उन्हें पेंट करना; चारे को लोड और अनलोड करना।
- अंडे, मोमबत्तियां एकत्र करना और अंडों को कूलर में संग्रहीत करना।
- पोल्ट्री पेन और इन्क्यूबेटरों के लिए उचित रोशनी और हीटिंग बनाए रखना; मुर्गियों के घोंसलों में छीलन रखना।
- अपेक्षा के अनुसार संबंधित काम करना।

नोट्स

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT
& ENTREPRENEURSHIP

N·S·D·C
National
Skill Development
Corporation
Transforming the skill landscape

ASCI
Agriculture Skill Council of India

2. पोल्ट्री शेड का निर्माण और रखरखाव

इकाई 2.1 – पोल्ट्री हाउस के लिए स्थान का चयन
इकाई 2.2 – लेयर हाउस के डिज़ाइन और निर्माण का सिद्धांत
इकाई 2.3 – ब्रूडर हाउस का डिज़ाइन
इकाई 2.4 – ग्रोअर हाउस का डिजाइन
इकाई 2.5 – लेयर हाउस का डिज़ाइन

AGR/N4335

सीखने के प्रमुख परिणाम

इस मॉड्यूल के अंत में, आप निम्नलिखित में सक्षम होंगे:

1. स्थान के चयन के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण घटकों की सूची बनाना।
2. भूमि के चयन पर जानकारी की रूपरेखा बनाना।
3. पर्यावरण की जरूरतों की पहचान करना और उनकी पूर्ति करना।
4. सामान्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करना।

इकाई 2.1: पोल्ट्री हाउस के लिए स्थान का चयन

इकाई के उद्देश्य

इस इकाई के अंत में, आप निम्नलिखित में सक्षम होंगे:

1. पर्यावरणीय आवश्यकताओं, मानव संसाधनों और सामान्य सुविधाओं सहित स्थान के चयन पर प्रभाव डालने वाले घटकों की सूची बनाना।

2.1.1 पोल्ट्री हाउस के लिए स्थान का चयन

नई संरचनाओं के साथ फार्म बिल्डिंग के लिए स्थान के चयन के लिए किसानों को बहुत विचार करना होगा। आजकल, किसानों को आस–पास के पड़ोसियों और सार्वजनिक क्षेत्रों के स्थानों से संबंधित पोल्ट्री हाउस, पानी की गुणवत्ता जैसे पर्यावरणीय मुद्दों, गंध, भूसे का प्रबंधन, बिजली की आपूर्ति, आदि और फार्मिंग के संचालन पर प्रभाव डालने वाले कानून और विनयमनों के बारे में पता होना चाहिए। स्थान के चयन के लिए चार कारकों पर विचार किया जाना चाहिए जैसे कि भूमि की आवश्यकताएं, सुविधाएं, पर्यावरण के मुद्दे और प्रबंधन से संबंधित अन्य मुद्दे।

पोल्ट्री हाउस के स्थान के चयन के लिए मानदंड:

1. भूमि की आवश्यकताएं

- पोल्ट्री शेड के निर्माण के लिए उंची भूमि का चयन करना चाहिए और साथ ही कठोर चट्टानवाली भूमि अधिक उपयुक्त हो सकती है। उंची भूमि के कारण, शेड के पास जल भराव और बाढ़ का पानी भरने से बचने में मदद होती है।
- एक दलदली क्षेत्र या घाटी के निचले भाग में पोल्ट्री फार्म को स्थापित करने से बचें क्योंकि इससे पोल्ट्री हाउस का उचित प्रबंधन खतरे में पड़ सकता है।
- शेड का निर्माण इस तरह से किया जाना चाहिए है कि अंतिम दीवारें पूर्व–पश्चिम दिशा की ओर हों और स्थान की दीवारें उत्तर–दक्षिण दिशा की और हों, जिससे बारिश का पानी शेडों में प्रवेश नहीं करेगा।
- जब चिकन हाउस से किसी भी निवास की ओर हवा की धारा बहती हो तब हवा की प्रचलित दिशा पर विचार किया जाना चाहिए। पोल्ट्री हाउस से गंध को किसी निवास तक फैलने से पहले, उसे पर्याप्त समय और दूरी मिलनी चाहिए। यदि प्रचलित हवाएं निवास की ओर बहती हों, तो पोल्ट्री हाउस के स्थान से किसी भी निवास की दूरी अधिक होने की आवश्यकता होगी।
- भूसे को खाद के रूप में उपयोग करने के लिए, फार्म पर पर्याप्त भूमि उपलब्ध करना सुनिश्चित करें, या भूसे को बाहर हटाने या निपटाने के लिए उचित सुविधाएं हों।
- विंड शेड एक शब्द है, जो मौजूदा इमारत के डाउनसाइड पर हवा के फ्लो पैटर्न का वर्णन करता है। पड़ोसियों द्वारा शिकायतों को कम से कम करने में मदद करने के लिए, पास के घरों को विंड शेड क्षेत्र से बाहर रखने पर काफी विचार किया जाना चाहिए।

चित्र 2.1.1 भूमि की आवश्यकताएं

चित्र 2.1.2 सुविधाएं

चित्र 2.1.3 पर्यावरणीय मुद्दे

2. सुविधाएं

- पानी, ईलेक्ट्रिसिटी, टेलीफोन, एप्रोच रोड, चूजों की आपूर्ति, चारा, पशु चिकित्सा सहायता और पक्षियों और अंडों की बिक्री के लिए बाजार से निकटता के लिए पर्याप्त सुविधा सुनिश्चित करें।
- साल के सभी समय के दौरान, चाराट्रकों, चिक–डिलीवरी वेईकलों और लाइव–हॉल ट्रकों के आवागमन के लिए उचित सड़कें पर्याप्त होनी चाहिए।
- हर पक्षी के लिए पर्याप्त फ्लोर स्पेस प्रदान करें। पोल्ट्री शेड के निर्माण के लिए बी आई एस (BIS) के विशेष विवरण उपलब्ध हैं।

टिप्स

साईट का चयन के लिऐ अवलोक्य है:

- पर्यावरणीय घटक
- बुनियादी ढांचागत सुविधाएं
- मानव संसाधन

अभ्यास

प्रश्न .1. एक फार्म से दूसरे फ़ार्म के बीच न्यूनतम दूरी कितनी होनी चाहिए?

प्रश्न .2. क्या स्थान का ऊंचाई पर निर्माण करना जरुरी है?

प्रश्न .3. फार्म में आम सुविधाओं की गणना करें।

प्रश्न .4. महत्वपूर्ण पर्यावरणीय घटकों की सूची बनाऐं।

नोट्स

इकाई 2.2: लेयर हाउस के डिज़ाइन और निर्माण का सिद्धांत

इकाई के उद्देश्य

इस इकाई के अंत में, आप निम्नलिखित में सक्षम होंगे:

1. ब्रूडर, ग्रोअर और हाउस के निर्माण के लिए बुनियादी वैज्ञानिक जानकारी प्राप्त करना

2.2.1 लेयर हाउस के डिज़ाइन और निर्माण का सिद्धांत

लेयर फार्म लेआउट और ब्लू प्रिंट

- लेआउट के अनुसार आगंतुकों या बाहरी वाहनों को पक्षियों के पास जाने की अनुमति नहीं होनी चाहिए।
- शेड इस प्रकार स्थित होना चाहिए कि ताजा हवा पहले ब्रूडर शेड से, उसके बाद ग्रोयर और लेयर शेड से होकर गुजरती है। इससे लेयर हाउस से ब्रूडर हाउस तक रोगों के प्रसार को रोका जाता है।
- चुजें और ग्रोवर शेड के बीच न्यूनतम दूरी 50–100 फीट और ग्रोयर और लेयर शेड के बीच की दूरी न्यूनतम 100 मीटर होनी चाहिए।
- पोल्ट्री शेड के आसपास लोगों की आवाजाही को कम करने के लिए अंडे के भंडार का कमरा, ऑफिस का कमरा और फीड रूम प्रवेश द्वार के पास होने चाहिए।
- निपटान गड्ढे (डिस्पोजल पिट) और बीमार लेयरों के लिए कमरे (सिक रूम) का निर्माण साइट / चयनित स्थान के चरम छोर पर ही किया जाना चाहिए।

लेयर हाउस का डिजाइन और निर्माण

पोल्ट्री हाउस से पक्षी को अधिकतम आराम मिलना चाहिए। इसका अच्छे वायु–संचालन (वेंटिलेशन) के साथ स्वस्थ वातावरण होना चाहिए। यह गर्मियों के दौरान ठंडा और सर्दियों के दौरान पर्याप्त रूप से गर्म होना चाहिए। इसमें पर्याप्त रोशनी और एक आरामदायक विशिष्ट जगह का मौसम (मायक्रो–क्लाईमेट) होना चाहिए। पोल्ट्री हाउस के निर्माण की योजना बनाते समय, भविष्य के विस्तार के लिए प्रावधान किए जाने चाहिए।

आवास के सिद्धांत

- आवास से पक्षियों को आराम और सुरक्षा मिलनी चाहिए।
- एक नियंत्रित तरीके से वैज्ञानिक प्रबंधन।
- आसान, सुविधाजनक और आर्थिक संचालन।
- उत्पादन की कुल लागत को कम करता है।
- पक्षियों के समूह के प्रदर्शन को अधिकतम करता है।
- बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण सुनिश्चित करता है।
- विशिष्ट जगह के मौसम (मायक्रो–क्लाईमेट) की उचित परिस्थितियां।
- माल–संग्रह के घनत्व (स्टॉकिंग डेंसिटी) में वृद्धि।
- इष्टतम और समान विकास दर।

1. उन्मुखीकरण (ओरिएंटेशन)

- उष्णकटिबंधीय देशों में लंबी धुरी (लॉंग ऍक्सिस) पूर्व–पश्चिम और चौड़ाई उत्तर–दक्षिण तक होनी चाहिए।



चित्र 2.2.1 उन्मुखीकरण (ओरिएंटेशन)

2. नींव

- सतह के नीचे 1 से 1.5 फीट और जमीनी स्तर से 1 से 1.5 फीट ऊपर, ठोस कंक्रीट ब्लॉक और ईंटें।

3. फर्श (जमीन)
- कंक्रीट सीमेंट से रोग की समस्या को खत्म हो जाएगी और आसान सफाई और कीटाणुशोधन में मदद होगी और कृतंकों, कीड़े और रसाव के कारण निर्माण होने वाली समस्याएं ख़त्म हो जाएगी।
- केज हाउस के मामले में कार्य क्षेत्र को सिमेंट किया जाना चाहिए।
- फर्श में आसान सफाई और पानी के बहाव के लिए ढलान होनी चाहिए ।
- और वह परजीवी के लिए अभेद्य होना चाहिए और साफ करने के लिए आसान होना चाहिए।

4. लंबाई
- कोई भी दूरी की हो सकती है।

5. चौडाई
- 30 फीट से ज्यादा नहीं।
- यदि शेड की चौड़ाई 30 फीट से अधिक है, तो उचित ओवरहँग के साथ छत के शीर्ष की मध्य रेखा पर रिज वेंटिलेशन आवश्यक है। 40फीट तक ई सी (EC) हाउस में कोई भी चौड़ाई हो सकती है।

6. ऊंचाई
- नींव से छत की तरफ 8–10 फीट (ओरी की ऊंचाई) और केंद्र में 10–12 फीट होनी चाहिए।
- केज हाउस के मामले में, ऊंचाई का निर्धारण, पिंजरे की व्यवस्था के प्रकार (3 या 4 स्तरीय) द्वारा किया जाता है।

7. बगल की दीवार
- आमतौर पर दो तिहाई क्षेत्र का आधा हिस्सा खुला रखा जाता है और फ्लोअर हाउस में तार की जाली से फिट की जाती है।
- केज हाउस में, साइड की दीवार को टालें। ई सी (EC) हाउस में ठोस बगल की दीवारें होनी चाहिए।

8. दरवाजे
- या तो सिंगल या डबल दोनों तरफ से स्विंग होने चाहिए।

9. ओवरहँग
- ओरी पर, छत कम से कम 3 से 4 फीट (1 से 1.25 मीटर) तक आगे निकलना चाहिए और वह हाउस की ऊंचाई पर निर्भर करती है।
- अनुभव पर आधारित सामान्य नियम यह है कि ओवरहँग की लंबाई, खिड़की की आधी ऊंचाई होनी चाहिए।

10. छत
- किसानों की जरूरतों, आवश्यकताओं और बजट के आधार पर, इस्तेमाल की जाने वाली छत की सामग्री भिन्न हो सकती है। छत की विभिन्न सामग्री में पुआल (स्ट्रॉ), नारियल के पत्ते, पामिहरा के पत्ते, हल्की छत (डामर लेपित), टाइल्स (देशी और मैंगलोर), प्लास्टिक, अभ्रक, एल्यूमीनियम, फायबर ग्लास, आदि शामिल ।

पोल्ट्री हाउस

एक अच्छे पोल्ट्री हाउस के द्वारा निम्न सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए:
- संरचनात्मक और परिचालन संबंधी (ऑपरेशनल) जैव विविधता।
- पक्षी की अधिकतम आनुवंशिक क्षमता का उपयोग करें।
- परिचालन संबंधी (ऑपरेशनल) क्षमता प्राप्त करें।
- पक्षियों और श्रमिकों के लिए आरामदायक।
- किफायती और टिकाऊ।
- स्थानीय कृषि–मौसम संबंधी परिस्थितियों के लिए उपयुक्त है।

पोल्ट्री हाउस, ग्रोथ हाउस और केज के विशिष्टियां

- प्रत्येक "M" पिंजरे के इकाई की चौड़ाई = 82" (2" ओवरलैप के साथ)
- प्रत्येक "L " पिंजरे के इकाई की चौड़ाई = 41" (2" ओवरलैप के साथ)
- इसलिए 4–M + 2–L पिंजरों की चौड़ाई = 410" = 34 "–2"
- 5 उन्नत प्लेटफार्मों की चौड़ाई = 5 X 2 = 10"
- तो शेड की चौड़ाई = 10" + 34"–2" = 44"–2"
- शेड का कुल क्षेत्र = 865" X 44 ="–2 "= 38204 वर्ग फुट
- ग्रोअर / शेड की कुल संख्या = 1,02,000
- इसलिए शेड स्पेस/ग्रोअर = 0.392 वर्ग फुट

लेयर केज और हाउस के विशिष्टियां

- शेड की ऊंचाई / ओरी = 16" और@/रिज = 22–24"
- प्राकृतिक वायु संचनाल (वेंटिलेशन) 48" एग्झॉस्ट फैन, 1 / प्रत्येक 50 फीट लंबाई वाले, रिज के पास बिठाए हुए
- स्वचालित चाराट्रॉली और फॉगर्स आवश्यक हैं
- स्वचालित अंडा संग्रह = वैकल्पिक
- पिंजरे के पंक्तियों की संख्या = 24 ("M के लिए 6 और = "L के लिए 3)
- मुर्गियाँ / बॉक्स = 6 शीर्ष में और 5 मध्य और नीचे की पंक्तियों में
- केज बॉक्स का आकार = शीर्ष = 18" गहराई, 20" सामने, पीछे16" ऊंचाई पर और सामने 18" ऊंचाई, सामने 7" अंडा रोल आउट के साथ
- मध्य और नीचे की पंक्तियों के पिंजरे के बक्से = 15" गहराई और 20" सामने (5 मुर्गियों के लिए)

चित्र 2.2.1 ऊपर उठा कर निर्माण किया हुआ पोल्ट्री घर

चित्र 2.2.2 एम (ड) टाइप टियर सिस्टम

लेयर हाउस डिजाइन

चित्र 2.2.3 नींव

चित्र 2.2.4 कंक्रीट की फर्श

चित्र 2.2.5 गहरा भूसे और पिंजरे प्रणाली में बगल की दीवारें

टिप्स

अपने प्रशिक्षक की सहायता से यह समझें :

- घर के निर्माण के लिए वैज्ञानिक मानदंड।
- क्रॉस वेंटिलेशन का महत्व।
- इष्टतम माइक्रो एन्वायरमेंट तापमान को बनाए रखना।
- ब्रूडिंग हाउस के लिए इष्टतम मानदंड।

अभ्यास

निम्नलिखित मानकों के बारे में बताएं:

प्रश्न .1. घर का सही उन्मुखीकरण (ओरिएंटेशन)।

प्रश्न .2. हाउस की अधिकतम अनुमेय (परमिसीबल) चौड़ाई।

प्रश्न .3. हाउस की अधिकतम अनुमेय (परमिसीबल) लंबाई।

प्रश्न .4. फुटपाथ की अधिकतम ऊंचाई।

प्रश्न .5. बिल्डिंग के केंद्र की ऊंचाई।

प्रश्न .6. हाउस के बीच की दूरी।

प्रश्न .7. ब्रूडर के लिए इष्टतम फर्श की जगह।

प्रश्न .8. पूर्व से पश्चिम की ओर उन्मुखीकरण (ओरिएंटेशन) का कारण बताएं।

नोट्स